यूटीयू से संबद्ध संस्थान गोद लेंगे सरकारी स्कूल

02 से लेकर पांच स्कूलों को लेना होगा गोद

- उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने शुरू की एडॉप्ट ए स्कूल योजना

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यानी यूटीयू ने अपनी सामाजिक एवं आर्थिक जिम्मेदारियों के महत्व को समझते हुए एडॉप्ट ए स्कूल योजना शुरू की है।

इसके तहत यूटीयू से संबद्ध सभी संस्थानों को कम से कम दो और अधिकतम पांच सरकारी स्कूल गोद लेने होंगे, जहां बच्चों को आईटी, साइंस, एआई जैसे विषयों को लेकर शुरुआत से पढ़ाया जाएगा। कुलपति डॉ. ओंकार सिंह ने बताया कि हर संस्थान प्राइमरी और माध्यमिक स्कूल को चयनित कर गोद लेंगे, जहां अवकाश के दिनों में छात्रों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भावी पीढ़ी में वैज्ञानिक चिंतन, उच्च शिक्षा में बेहतर संभावनाओं की तलाश, सूचना प्रौद्योगिकी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव, कम्प्यूटर ज्ञान, स्वास्थ्य के साथ कानूनी जानकारी दी जाएगी।